सार-समाचार

ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने का आव्हान

छबड़ा (निसं)। भाजपा कार्यालय पर बुधवार को भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला सदस्यता अभियान की सहसंयोजक श्वेता अदलक्खा, छबड़ा नगर प्रभारी मुकेश मिश्रा, सेमली मण्डल प्रभारी मुकेश केरवलिया ने शिरकत की। उन्होंने सभी से आव्हान किया कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं। इस अभियान के जरिए जो लक्ष्य सवा करोड का रखा गया है, उसे पूरा करें। पार्टी अपनी रीति और नीति के साथ में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की सरकार है और आम जनता के लिए लगातार काम कर रही है। अभियान के तहत प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को कम से कम 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यहां वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी, सेमली मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड़, बापचा मण्डल अध्यक्ष उदयसिंह लोधा, महामंत्री हरिओम गौड़, भगवतीप्रसाद वर्मा, बनवारी शर्मा, सुंदरलाल गाडरी, महेंद्र मीणा, सरपंच मानसिंह मीणा, भंवरलाल वर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र नामदेव, विमल जैन, उपाध्यक्ष महावीर सुमन, परमानंद साहू, कन्हैया चौबदार, फूलचंद प्रजापति, केदार सुमन, एससी मोर्चा अध्यक्ष गोविंद माचल, महिला मोर्चा अध्यक्ष हंसकंवर, मेनका प्रजापत, संगीता सेन, बूथ अध्यक्ष मनोज सुमन, शिवचरण मीणा, नवल शर्मा, गोविंद तिवारी, मनीष मीणा, गोकुल गुर्जर, भंवरसिंह गुर्जर, रमेशचंद, कोषाध्यक्ष कल्याणमल भार्गव, लड्डूलाल मीणा, कांता प्रसाद, विकास तेजस्वी, मोहनलाल साहू, दीपक वर्मा, भूपेंद्र सुमन, सोहेल खान सहित आदि मौजूद रहे।

कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से ही सफलता संभव : एस.डी.एम.

छबड़ा (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर में बाल विज्ञान मेला संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप षिरकत करते हुए एसडीएम रामसिंह गुर्जर ने कहा कि हमेशा बड़ा सपना देखना चाहिए और बड़ा लक्ष्य लेकर उसमें पूरी निष्ठा से जुट जाना चाहिए फिर निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होती है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त भैयाओं को 28 सितंबर को आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान मेले के लिए चयन किया गया। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा व विज्ञान प्रमुख बलराम नागर ने बताया कि एसडीएम का प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक कुमार भार्गव, सचिव नरेंद्र सोनी, सदस्य मनोज कुमार गगरानी द्वारा स्वागत किया गया। मेले में विद्यालय के कक्षा 4 से 10वीं तक के भैयाऔ ने शिशु बाल व किशोर वर्ग के रूप में प्रदर्श विज्ञान प्रश्न मंच व पत्र वाचन की प्रतियोगिताओं में भाग लिया। भैयाऔ ने 58 प्रदर्श तैयार किए। जिसमें शिशु वर्ग में कचरा प्रबंधन, यातायात के साधन, जल संरक्षण, सरल मशीनों पर आधारित तथा बाल वर्ग में गति पर आधारित, कृषि तकनीकी पर आधारित, तंतुओं और वस्त्र पर आधारित, संवेदकों पर आधारित, किशोर वर्ग में जैव प्रक्रम, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, वायु प्रदूषण के नियंत्रण पर आधारित तथा नवाचारित के रूप में आकर्षक प्रदर्श तैयार किए। निर्णायक की भूमिका प्रांजुल सोनी व प्राणनाथ गौतम व्याख्याता ने निभाई।

पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला

बूंदी (निसं)। बूंदी ऊर्जा द्वारा सप्ताह के तीसरे दिन पर्यावरण संरक्षण पर महत्वपूर्ण गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्वेता भंडारी और अंशुल भंडारी ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि सप्ताह के समन्वयक की भूमिका ख़्याति भंडारी ने निभाई। इस दिन, नगर परिषद बुंदी के अध्यक्ष सरोज अग्रवाल की अगुवाई में प्लास्टिक का उपयोग कम करें पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद के कर्मचारियों को कपड़े के बैग वितरित किए गए।बूंदी ऊर्जा द्वारा नवनियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष सरोज अग्रवाल का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके बाद, देवनारायण मंदिर बुंदी में एक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 10 पेड लगाए गए। इस कार्यक्रम में बुंदी के अध्यक्ष की उपस्थिति भी रही। कार्यक्रम में निम्न सदस्य उपस्थित रहे अध्यक्ष मेघा नुवाल उपाध्यक्ष रानू खंडेलवाल पूर्व अध्यक्ष अनुकृति विजय सदस्य कविता झंवर, रेखा झंवर, सिम्पल भंडारी, अनु जैन, नितिका माथुर, प्रिति दौलतानी, प्रज्ञा गोयल इस आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक उपयोग कम करने के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

आज साढ़े तीन घण्टे बिजली बंद रहेगी

छबड़ा (निसं)। 220 केवी कवाई, 132 केवी छीपाबडौद व 132 कोलूखेडी सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते आज गुरुवार को छबडा उपखंड के अधीन के समस्त बारह 33/11 केवी सब स्टेशन से संचालित सभी फीडरों की विद्युत सप्लाई 3.30 घण्टे बंद रहेगी। सहायक अभियंता रजनीश चावला ने बताया कि 220 केवी कवाई, 132 केवी छीपाबडौद और 132 केवी कोलूखेड़ी सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति गुरुवार को सुबह 8 से 11.30 तक बाधित रहेगी। जिससे छबड़ा उपखंड के अधीन सभी बारह 33/11 केवी सब स्टेशन छबड़ा, खोपर, केलखेडी, घाटाखेडी, कडैयानोहर, कोटडी, मूंडला, कडैयाचोर, गेहूंखेडी, सेवनखेडी, फलिया और पाली से संचालित सभी 11 केवी फीडर से जुडे सभी गाँव ओर शहर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

प्रधानाचार्य वैष्णव दिल्ली में सम्मानित

छबड़ा (निसं)। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं राष्ट्रीय समता स्वतंत्र मंच के तत्वाधान में साक्षरता दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित भारत की प्रतिष्ठा शक्ति पंचशील सिद्धांत सम्मेलन में स्थानीय टैगोर पब्लिक सीनियर सेकेंडरी के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार वैष्णव को राष्ट्रीय शिक्षक गौरव रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल न्यायमूर्ति परमानंद झा थे। अध्यक्षता उपेंद्र यादव पूर्व उपप्रधानमंत्री नेपाल ने की। विशिष्ट अतिथि रविकरण साहू अध्यक्ष मध्यप्रदेश तेलगानी बोर्ड एमपी, राजस्थान विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, तीर्थसिंह रावत पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखंड रहे। यहां वैष्णव ने भारत की प्रतिष्ठा शक्ति पंचशील सिद्धांत पर चर्चा करते हुए अपना नैतिक समर्थन प्रदान किया। कार्यक्रम में कई देषो की हस्तियां शामिल हुई।

राजकीय आईटीआई में आवेदन 26 तक

बून्दी (निसं)। राजकीय आईटीआई तालेड़ा एवं राजकीय आईटीआई हिण्डोली में प्रशिक्षण सत्र 2024 -25 में प्रवेश के लिए राजकीय आईटीआई तालेड़ा में प्रवेश सत्र 2024-25/26 में फिटर, मैकेनिक डीजल व्यवसाय में और आईटीआई हिण्डोली में वेल्डर व्यवसाय में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिए ई- मित्र से आवेदन की अंतिम तिथि 26 सितंबर है। अधीक्षक, औद्यागिक प्रशिक्षण संस्थान तालेड़ा ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों को ई- मित्र से आवेदन करने के पश्चात फॉर्म को संस्थान में जमा करना होगा। 30 सितम्बर को प्राप्त आवेदन फॉर्म की मेरिट अनुसार प्रवेश किये जायेंगे। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

रवि वर्मा ने सीईओ बूंदी का पदभार संभाला

बून्दी (निसं)। राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 2015 बैच के आरएएस अधिकारी रवि वर्मा ने बुधवार को मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ईजीएस, एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (मांडा) बूंदी का पदभार संभाल लिया। वर्मा इससे पहले अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी सहित विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

प्रभारी मंत्री नागर आज बून्दी दौरे पर

बून्दी (निसं)। ऊर्जा राज्य मंत्री एवं बून्दी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को बून्दी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार जिला प्रभारी मंत्री सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक के दौरान बजट घोषणाओं, रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा, वर्षा के कारण फसलों की गिरदावरी की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की जाएगी।

प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

झालावाड़ (निसं)। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झालरापाटन में विभिन्न व्यवसायों में वेल्डर, फिटर व डीजल मैकेनिक के लिए आगामी 26 सितम्बर 2024 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्थान के अधीक्षक ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन करने तथा संस्थान में हार्डकॉपी जमा करवाने के पश्चात् सीधे ही संस्थान स्तर पर मेरिट के आधार पर योग्य आवेदकों को 30 सितम्बर को प्रवेश दिए जाएंगे।

राज्य सरकार आमजन को प्रत्येक क्षेत्र में लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है : प्रभारी मंत्री

झालावाड़ (निसं)। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के राज्य मंत्री एवं झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ आमजन को हर क्षेत्र में लाभ दिलाने के लिए प्रयासरत है। इस संबंध में बैठक में उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों से उन्होंने कहा कि झालावाड जिले में आमजन से जुड़े किसी भी कार्य एवं परिवेदनाओं के निस्तारण में देरी ना करें। उन्होंने कहा कि आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में अधिकाधिक पात्र लोगों को प्राथमिकता से लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिए भूमि आवंटन की समीक्षा करते हुए भूमि आवंटन के कार्य के पश्चात् बजट घोषणाओं के कार्यों को शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

झालावाड़ जिले के प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक ली।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने जिले में वर्षा के कारण सडकों, विद्यालयों तथा अस्पतालों में हुई क्षित की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार कर राज्य स्तर पर स्वीकृति हेतु प्रेषित कराने के निर्देश दिए। इस हेतु उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों से विस्तार से सभी कार्यों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनिकट, नहरों एवं अन्य राजकीय सम्पत्तियों की मरम्मत के लिए भी प्रस्ताव बनाकर राज्य सरकार को भिजवाने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

बैठक में प्रभारी मंत्री ने आगामी 17 सितम्बर को स्वास्थ्य विभाग के नवनियुक्त कार्मिकों के लिए राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाले द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित कार्मिकों के लिए भोजन, पानी व बैठने सहित अन्य सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार के क्षेत्र में इस वर्ष करीब 4 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन विभागों के अन्तर्गत निर्माण कार्यों का लोकार्पण, शिलान्यास व उद्घाटन करवाया जाना है उसकी सूची तैयार करें तथा राज्य सरकार को भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि उनका लाभ आमजनता को शीघ्र मिलना प्रारंभ हो सके। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, अस्पतालों इत्यादि के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति की घोषणा के पेटे एस्टीमेट तैयार कर राज्य स्तर पर प्रेषित करने के संबंध में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस दौरान जिला कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को सम्पूर्ण जिले की जानकारी देते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों एवं योजनाओं की क्रियान्विती से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत, जलदाय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में आमजन को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रभारी मंत्री को बजट घोषणा के तहत भूमि आवंटन, द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों, जिले में हुई वर्षा एवं बांधों के जलभराव की स्थिति एवं मानसून के दौरान क्षित की सूचनाओं आदि की जानकारी दी।

बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चित करते हुए शीघ्र सभी कार्य पूर्ण कराए जाएंगे। बैठक में जिला प्रमुख प्रेम बाई दांगी, डग विधायक कालूराम मेघवाल, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, उप वन संरक्षक सागर पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी संतोष कुमार मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अरणा माता का मेले में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

बून्दी (निसं)। अन्थड़ा गांव के अरणा माताजी मंदिर में भाद्रपद शुक्ल अष्टमी पर आयोजित होने वाला एक दिवसीय मेला भोपे के गाल फोड़ने की रस्म के साथ बुधवार को शुरू हुआ। बुधवार सुबह पटेल महावीर नागर के यहां से आई पूजन सामग्री से पं. दामोदर प्रसाद दाधीच ने मंत्रोच्चार के साथ अरणा माता जी की पूजा अर्चना करवाई गई। मातेश्वरी की पूजा के साथ ही मंदिर में स्थापित अन्य देवी देवताओं की पूजा कर के भोग लगाया। मंदिर का भोपा पुजारी दुर्गा लाल माली का परिवार लगातार 13वीं पीढ़ी से माताजी की सेवा पूजा करते चले आ रहा है। गाल फोडऩे की रस्म भोपा राधेश्याम सुमन ने सम्पन्न करवाई। गाल मांगी लाल सुमन का फूटा। गाल फोडने की रस्म को देखने स्थानीय ही नहीं अपितु पूरे राज्य भर से श्रद्धालु अंथडा में अरणा माता के दरबार में पहुँचते है।

श्रद्धालुओं में मान्यता है कि यदि भोपे का गाल सहजता से फूट जाता है तो इस साल फसल अच्छी होने का प्रमाण माना जाता है। अरणा माता के पूजा के साथ साथ ही तेल का चढ़ावा चढ़ाया जाता है।जागरण की रात से ही श्रद्धालु पैदल एवं दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों से आ रहे थे। रात को जागरण मे आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मेला कमेटी द्वारा की गई थी। बुधवार अष्टमी को मेले की शुरुआत होने के साथ ही प्रसादी वितरण का कार्यक्रम भी लगातार जारी रहा।

चोरी की घटना का 48 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

बूंदी (निसं)। सदर थाना इलाके के मारुति नगर में 34 लाख की चोरी के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रमोद बैरागी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। वहीं आरोपी से चोरी का माल भी बरामद कर लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि बूंदी सदर थाना इलाके के मारुति नगर में, तीन दिन पूर्व एक सूने मकान से अज्ञात चोर द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसमें सोने चांदी के आभूषण करीबन 30 लाख के और 4 लाख करीब की

■ आरोपी को जयपुर से गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया

सदर थाना पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्त में लिया।

नकदी और अन्य कीमती सामानों की चोरी कर चोर मौके से फरार हो गया था। मामले में पुलिस ने गहनता से जांच करते हुए, नजदीक ही लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की। आरोपी आदतन चोरी करने सहित नशे का आदी है।आरोपी ने अपना हुलिया बदलने के लिए अपना सिर मुंडवा कर गंजी करवा ली थी, ताकि पुलिस पहचान नहीं पाये और वारदात के बाद आरोपी जयपुर चला गया था ,पुलिस ने आरोपी का पीछा करते हुए जयपुर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की और चोरी का माल बरामद कर लिया। आरोपी के खिलाफ सदर और कोतवाली थाना पुलिस ने 8 मुकदमे दर्ज है।

कोटा रेल मंडल में स्वच्छता विशेष अभियान 16 से

कोटा, (निसं)। मंडल में डीआरएम मनीष तिवारी के निर्देशन में स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 की शुरूवात 16 सितम्बर से की जा रही है। यह अभियान स्वच्छ और कुशल सरकारी प्रणाली के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 2-31 अक्तूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान कोटा रेल मंडल में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके लिए मंडल में नोडल अधिकारियों एवं पर्यवेक्षक को नामित किया गया है साथ ही प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। नामित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षक को को स्वच्छता संबंधी लंबित मालमों की पहचान करनी होगी। अभियान दो चरणों में चलेगा और पहले चरण की शुरुआत 16 सितंबर से होगी।

जिले में धारा 163 लागू

कोटा, (निसं)। कोटा शहर में डोल ग्यारस, तेजा दशमी, बारावफात एवं अनन्त चतुर्दशी पर्वों के दौरान शहर में जुलूस, झांकियां एवं शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी जिसमें अत्यधिक संख्या में जनसमूह के एकत्रित होने की संभावना के मध्यनजर जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शहर में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की है।

आदेशानुसार निषेधाज्ञा 12 सितंबर रात्रि 12 से 12 नवम्बर प्रात: 6 बजे तक सम्पूर्ण कोटा जिले में लागू रहेगी। निषेधाज्ञा के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत कार्यवाही जाएगी। आदेशानुसार किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजनों तथा सामाजिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों के दौरान घातक हथियारों प्रदर्शन/प्रकटीकरण एवं उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। कोई भी व्यक्ति अनाधिकृत विस्फोटक पदार्थ, घातक रासायनिक एवं अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलेगा, नहीं उसका प्रयोग करेगा, ना ही प्रयोग के लिए प्रेरित करेगा।

विस्फोटक पदार्थ बंद डिब्बों, कांच की बोतलों में भी लेकर चलेंगे, ना ही प्रयोग करेंगे। सोशल मीडिया के माध्यम से अनावश्यक तथ्य आदान-प्रदान नहीं करेंगे जिससे शांति व्यवस्था तथा लोक शांति भंग होने की स्थिति नहीं बनें।

केबल टीवी ऑपरेटर ऐसा कोई विज्ञापन या कार्यक्रम या समाचार का प्रसारण नहीं करेंगे जिससे किसी व्यक्ति धर्म विशेष की भावना को ठेस पहुंचती हो या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की संभावना हो। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले नारे/लेख नहीं लिखेग, ना ही कोई पर्चे छपवाएगा, ना ही वितरित करेगा।

ध्वनि प्रसारण यंत्रों के माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाले गाने नहीं बजाएगा। मॉडिफाई डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक जुलूस निर्धारित मार्ग के अलावा अन्य मार्गों पर नहीं निकालेंगे। जल प्रदूषण रोकने के उद्देश्य से धार्मिक आयोजन के दौरान प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों का निर्माण तथा उनका जलाशयों नदियों, नहरों, तालाबों आदि में विसर्जन निषेध रहेगा।

सार-समाचार

सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

बूंदी (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा द्वारा बुधवार को पीड़ित महिलाओं को ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर पर उपलब्ध चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, आश्रय एवं काउन्सलर सुविधा आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हिंसा से पीडित महिलाओं एवं बालिकाओं को परिवाद दर्ज करवाने, मेडिकल मुआयना करवाने, आश्रय दिलवाने, कानूनी सहायता दिलवाने व विधिक ईकाईयों में सहयोग करने जैसे कार्य किये जाते है। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर 247 सेवाएं प्रदान कर रहा है।

जूडो-कुश्ती खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

कोटा, (निसं)। एम बी इंटरनेशनल नयागांव स्कूल में चार दिवसीय जिला स्तरीय जूडो एवं कुश्ती प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवराज सिंह चौधरी (राजस्थान डिप्टी डी ई ओ शारीरिक शिक्षा विभाग कोटा), विशिष्ट अतिथि अभिलाष दीक्षित संस्था निदेशक शुभम विजय एवं अकैडमिक निदेशक महक विजय उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक एवं संस्था प्राचार्या जसपिंदर साहनी ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में जिला स्तर 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्था प्रबंधक भुवनेश विजय ने बताया कि चार दिवसीय खेलकूद कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

राजस्थान राईजिंग ग्लोबल समिट-2024 का नौ अक्टूबर को

कोटा, (निसं)। राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राजस्थान राईजिंग ग्लोबल समिट-2024 का आयोजन किया जाएगा जिसके तहत कोटा जिले में समिट 9 अक्टूबर को होटल मेबल में प्रस्तावित है। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि समिट का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अन्तर्गत निवेशकों को बढ़ावा देकर उद्योग स्थापित करने व रोजगार सृजन के लिए एमओयू किए जा रहे हैं। इच्छुक निवेशक एसएसओ पोर्टल पर राज निवेश के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं या कार्यालय जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में उपस्थित होकर भी समिट में एमओयू करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक 41 उद्यमियों ने 538.47 करोड़ के निवेश हेतु एमओयू करने के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिनमें 1981 व्यक्तियों को रोजगार दिया जाना प्रस्तावित है।

कोटा मंडल होकर मदार से रांची के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन

कोटा, (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री भार को क्लीयर करने के उद्देश्य से मदार से राँची के बीच कोटा मंडल होकर 13-13 ट्रिप एक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह साप्ताहिक स्पेशल गाड़ी मंडल के सवाईमाधोपुर, सोगरिया, बारां, अटरू एवं छबड़ा गुगोर होकर गंतव्य को जाएगी। इस गाड़ी में विभिन्न श्रेणी के कुल 18 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 09619 मदार (अजमेर)-रांची साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 06.10.24 से 29.12.24 तक (13 ट्रिप) मदार से प्रत्येक रविवार को 13.50 बजे रवाना होकर सोमवार को 21.25 बजे रांची पहुँचेगी।

हाड़ौती में पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा हुई

कोटा, (निसं)। संभागीय आयुक्त कोटा संभाग कोटा की अध्यक्षता मे संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में संभागीय पर्यटन विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला प्रशासन कोटा, बूंदी बारां, झालावाड़ के सदस्य गण एवं अशोक माहेश्वरी संभागीय अध्यक्ष होटल फेडरेशन एवं सदस्य तथा बूंदी, बारां, झालावाड़ होटल फैडरेशन के अध्यक्ष एव सदस्यगण तथा अध्यक्ष हाडोती टूरिज्म डेवलपमेंट कोटा, सदस्यों ने भाग लिया जिसकी सूची संलग्न है। बैठक में एजेंडा अनुसार बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें सर्वप्रथम स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत बूंदी के केशोरायपाटन मन्दिर के कार्य एवं शामिल बूंदी के अन्य पर्यटन स्थलों पर कराए जाने वाले कार्यों का प्रेजेंटेशन आईपी ग्लोबल टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके संबंध में संभागीय आयुक्त द्वारा आई.पी.ग्लोबल टीम को निर्देशित किया गया कि केशवराय पाटन में प्रतिवर्ष लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुसार समुचित पार्किंग व्यवस्था, घाटों का

कोटा संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में हाड़ौती के पर्यटन विकास को लेकर चर्चा हुई।

निर्माण, टॉयलेट आदि का सुचारू रूप से आकलन कर डीपीआर में शामिल किया जावे। बैठक के दौरान स्वदेश दर्शन 2.0 के संबंध में पर्यटन ट्रेड के व्यवसाय द्वारा सुझाव दिए गए जिनका भी आंकलन कर डीपीआर में शामिल करने की बात कही गई।

संभागीय आयुक्त द्वारा पर्यटन विभाग को यह भी अवगत कराया गया कि स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत शामिल कार्यों के अतिरिक्त जिला कोटा में स्थित रंगपुर को भी शामिल करने हेतु प्रस्ताव निदेशालय पर्यटन विभाग जयपुर भिजवाए जावें। विकास पंड्या उपनिदेशक पर्यटन विभाग द्वारा कोटा जिले के बिंदुवार एजेंडा पर चर्चा कराई गई, जिसमें संभाग में आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में सफारी एवं पर्यटक सुविधाओं का विस्तार तथा दर्रा रेलवे के अंडरपास में लगने वाले जाम के संबंध में शीघ्र वन विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कर अमल में लाया जावे। संभागीय आयुक्त द्वारा जिला बूंदी बाईपास के व्यू प्वाइंट तथा ऐतिहासिक दरवाजों के संरक्षण तथा बूंदी स्थित टीवी टॉवर का स्वरूप एवं राजस्थान पर्यटन विकास निगम की होटल वृंदावती का नवीनीकरण कर पुन: चालू करने के संबंध में संबंधित विभाग को शीघ्र कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्रदान किए गऐ। विकास पंड्या उपनिदेशक द्वारा रामगढ़ क्रेटर में चल रहे हैं विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया तथा भंड देवरा मंदिर के विकास कार्य तथा कन्या देह विलास में म्यूजियम बनाने एवं फूड क्राफ्ट इंस्टीट्यूट बारां के विकास कार्यों के संबंध में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके संबंध में सम्भागीय आयुक्त द्वारा शीघ्र ही संबंधित विभाग के अधिकारियों सहित उक्त स्थलों का दौरा कर कराए जाने वाले विकास कार्यों का प्रस्ताव पर्यटन विभाग के माध्यम से तैयार किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। सिराज कुरैशी पर्यटन अधिकारी द्वारा रैन बसेरा झालावाड़ में चल रहे विकास कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके संबंध में संभागीय आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि रैन बसेरे का काम उच्च गुणवत्ता तथा उसके मूल स्वरूप अनुसार ही किया जावे तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग झालावाड़ को कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किया।

बैठक में अशोक माहेश्वरी अध्यक्ष होटल फेडरेशन द्वारा प्रचार प्रसार हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया तथा पर्यटन विभाग को पूर्ण सहयोग प्रदान कर आने वाले ट्रैवल मार्ट में हाड़ौती क्षेत्र का प्रतिनिधित्व तथा स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट झालावाड़ में भी अपने कार्मिकों के प्रवेश हेतु शीघ्र कार्य योजना बनाई जाने की बात कही गई। रविंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष हाड़ौती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि हाडोती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी एवं जिला प्रशासन के सहयोग से अगस्त माह में प्रमुख ट्रैवल एजेंट को आमंत्रित कर फेमिनिजेशन टूर कराया गया जिससे यहां आगामी माह में पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा। बैठक के अंत में संभागीय आयुक्त द्वारा यह निर्देश सभी विभागों को प्रदान किए कि राजस्थान के मानचित्र पर हाड़ौती संभाग प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है। अत: सभी विभागों एवं ट्रैवल ट्रेड को साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक अंत में सधन्यवाद संपन्न हुई।